भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3625

(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है)

देश में घरेलू ऋण और उधार लेने के रुझान

3625. डॉ. मोहम्मद जावेद:

क्या ***वित्त*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास विगत पांच वर्षों के दौरान देश में घरेलू ऋणकर्ताओं की संख्या का ब्यौरा है और यदि हां, तो वर्ष-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार उक्त अवधि के दौरान प्रति उधारकर्ता औसत बकाया घरेलू ऋण का वर्ष-वार ब्यौरा प्रदान करती है;

(ग) क्या सरकार विगत पांच वित्तीय वर्षों के दौरान आवास, कृषि, शिक्षा, वाहन, व्यक्तिगत, सोना और अन्य ऋणों सहित घरेलू ऋणों के संबंध में श्रेणी-वार आंकड़े उपलब्ध कराती है और प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत संवितरित की गई राशि के बारे में श्रेणी-वार जानकारी प्रदान करती है; और

(घ) क्या सरकार ने घरेलू ऋण में वृद्धि, इसके अंतर्निहित कारणों और घरेलू वित्त पर इसके प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए कोई अध्ययन या आकलन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके प्रमुख निष्कर्ष क्या हैं?

<u>उत्तर</u>

वित्त राज्य मंत्री

(श्री पंकज चौधरी)

(क) एवं (ख) ट्रांसयूनियन सीआईबीआईएल के आंकड़ों के आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार बकाया ऋण सहित लाइव यूनिक घरेलू ऋणकर्ताओं की वर्ष-वार संख्या और प्रति ऋणकर्ता तदनुरूपी औसत बकाया ऋण, का विवरण नीचे दिया गया है-

वित्त वर्ष के अंत में	लाइव यूनिक ऋणकर्ताओं का बकाया ऋण (₹ करोड़)	लाइव यूनिक ऋणकर्ताओं की संख्या जिनके पास बकाया ऋण (करोड़) है	प्रति ऋणकर्ता औसत ऋण (₹)
मार्च-18	43,61,013	12.8	3,41,478
मार्च -19	51,32,865	14.6	3,52,764
मार्च -20	57,89,464	16.9	3,42,910
मार्च -21	63,99,851	18.7	3,41,408

मार्च -22	74,79,945	20.2	3,70,280
मार्च -23	89,44,880	22.8	3,92,028
मार्च -24	1,13,31,879	26.3	4,31,225
मार्च -25	1,35,09,017	28.3	4,77,583

(ग) एवं (घ) गैर-खाद्य बैंक ऋण के क्षेत्र-वार परिनियोजन के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, व्यक्तिगत ऋणों के अंतर्गत बकाया ऋण और चयनित उप-श्रेणियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

	मार्च-अंत				
	2022	**2023**	**2024**	**2025**	**2026**
व्यक्तिगत ऋण	**34,66,075**	**41,82,767**	**53,46,691**	**59,71,696**	**69,39,750**
कंज्यूमर ड्यूरेबल्स	17,834	20,985	23,445	23,201	21,962
आवास (प्राथमिकता प्राप्त आवास क्षेत्र सहित)	17,38,473	19,91,164	27,18,712	30,10,477	33,55,963
शिक्षा	83,693	96,482	1,19,380	1,37,456	1,55,824
वाहन ऋण	4,04,756	4,87,597	5,73,391	6,22,793	7,38,678
सोने के आभूषणों पर ऋण	74,738	89,370	93,301	2,06,284	4,61,373
अन्य व्यक्तिगत ऋण	9,01,595	11,62,345	14,27,872	15,35,197	17,31,838

सरकार नियमित रूप से घरेलू वित्त में प्रवृत्तियों की निगरानी करती है। भारतीय रिज़र्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (जून 2026) के अनुसार, भारत का घरेलू ऋण अधिकांश समान उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम बना हुआ है। रिपोर्ट में ऋणकर्ता प्रोफाइल में सुधार का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें बकाया ऋण राशियों और ऋणकर्ताओं की संख्या दोनों में उच्च रेटिंग वाले ऋणकर्ताओं (प्रमुख और ऊपर) की भागीदारी में वृद्धि हुई है, जो बेहतर घरेलू तुलन पत्र और घरेलू क्षेत्र के समग्र लचीलेपन को दर्शाती है।

****